卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 308 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦20 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कोलकाता काण्ड पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार, पुलिस और अस्पताल प्रशासन से पूछे सवाल, टास्क फोर्स बनाने के आदेश

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म के मामले पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार, पुलिस और अस्पताल प्रशासन से कड़े सवाल पूछे। साथ ही कोर्ट ने आठ सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स गठन करने का भी आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल रहे। बेंच ने इस मामले में पीड़िता की पहचान उजागर होने पर चिंता जाहिर की। साथ ही केस में पुलिस जांच से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका तक पर सवाल उठाए। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि ये



सिर्फ एक मर्डर का मामला नहीं है। हमें डॉक्टरों की सुरक्षा की चिंता है। बेंच ने कहा कि महिलाएं सुरक्षा से वंचित हो रही हैं। बेंच ने कहा कि आखिर ऐसे हालात में डॉक्टर कैसे काम करेंगे। हमने देखा है कि उनके लिए कई जगहों पर रेस्ट रूम तक नहीं होते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं और काम करने की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं तो हम उन्हें समानता से वंचित कर रहे हैं। ज्यादातर युवा चिकित्सक 36 घंटे काम करते हैं, हमें काम करने की सुरक्षित स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पीड़िता की पहचान उजागर करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की गई। कोर्ट ने कहा कि यह घटना दुखद है। सुप्रीम कोर्ट ने एलान किया कि इस घटना के बाद डॉक्टरों की स्थिति को लेकर नेशनल टास्क फोर्स बनाने जा रहे हैं। यह टास्क फोर्स कोर्ट की निगरानी में काम करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सीबीआई से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट भी तलब की। साथ ही सीबीआई को तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने तीन हफ्ते के अंदर टास्क फोर्स से रिपोर्ट मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में पुलिस की कार्रवाई और पीड़िता के परिवार को अंधेरे में रखने से जुड़े आरोपों को लेकर भी सवाल (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सिरौली कलां को पालिका से अलग करने का विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। सिरौली कला क्षेत्र को नगर पालिका परिषद किच्छा से अलग किए जाने को लेकर सिरौली कला के लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए सिरौली कला क्षेत्र को नगर पालिका परिषद



से अलग किए जाने का विरोध किया ।जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय को आपत्ति दी गई है। वहीं उत्तराखंडशहरी विकास विभाग के सचिव को भी रजिस्टर डाक द्वारा आपत्ति की प्रतिलिपि भेज कर सिरौली को नगर पालिका परिषद किच्छा में ही सम्मिलित करने की मांग भी की गई । सिरौली कला के लोगों का कहना है कि किच्छा नगर पालिका के विस्तारीकरण में वर्ष 2018 में (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैरसैंण कूच के लिए जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

### पुलिस द्वारा रोके जाने पर कांग्रेसियों ने लगाया जाम

गदरपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत गदरपुर





निवासी एक नर्स की दुष्कर्म एवं हत्या के मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर गैरसैंण विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने गदरपुर क्षेत्र में ही रोक लिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने जाम लगा दिया। कांग्रेसियों की पुलिस के साथ नोंक झोंक भी हुई। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन के नेतृत्व में कांग्रेसियों का एक दल गैरसैण के लिए निकला था, जहां विधानसभा सत्र के दौरान नर्स तसलीम जहां हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित था। गैरसैंण के लिए जा रहे (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

## सड़क के लिए हल्ला बोल,लोनिवि अधिकारियों को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे बिन्दु खेड़ा मोड से लेकर छत्तरपुर डाम तक लगभग 4 किलो मीटर निर्माण





कराये जाने की मांग को लेकर क्षेत्र के तमाम लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की अगुवाई में लोक निर्माण विभाग कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और अधिशासी अभियंता का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की अगुआई में आए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा के अन्तर्गत आने वाले मार्ग नेशनल नगनल हाइवे 74 से विन्दु खेडा छत्तरपुर को जाने वाले मार्ग की स्थिति काफी दयनीय है। इस मार्ग पर गहरे गड्ढे हो चुके है। उक्त मार्ग पर पिछले 12 वर्षों ना कोई मरम्मत हुई और ना ही मार्ग का निर्माण किया गया।इस मार्ग पर लगभग 12 गाव (शेष पृष्ठ सात पर)

## वायरल हो रहा कांग्रेस नेता सीपी शर्मा का विवादित बयान

### कैमरे के सामने अक्सर फिसल जा रही कांग्रेस नेताओं की जुबां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता के बीच हीरो बनने के चक्कर में कांग्रेस नेताओं की जुबां आये दिन फिसल जा रही है और ऐसे नेताओं को बाद में बैकफुट पर आकर माफी तक मांगनी पड़ रही है। अभी हाल ही में नर्स तस्लीमा जहां हत्याकाण्ड में पुलिस पर लीपापोती का आरोप लगाकर किये धरना प्रदर्शन के दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के एक विवादित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस प्रशासन के खिलाफ अपना बयान देते-देते श्री शर्मा की जुबां



फिसल गई और हत्याकाण्ड पर ही अपनी अंगुली उठा बैठे। यहां आपको बता दे कि नर्स तस्लीमा जहां हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने 18 अगस्त को डीडी चौक पर प्रदर्शन करते हुये भाजपा सरकार का पुतला फूंका था। इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा कैमरे को देख जोश में आ गये,भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर गुबार निकालने लगे। इसी बीच उनकी जुबान लड़खड़ा गई और एक विवादित बयान दे बैठे। जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस विवादित बयान को लेकर जब कांग्रेस नेता सीपी (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘निकाय चुनाव’ की कवायद अब ‘अंतिम दौर में’

### ओबीसी आरक्षण संशोधन विधेयक पर धामी कैबिनेट की मुहर, संशोधन के बाद ओबीसी आरक्षण पार करेगा 14% की लक्ष्मण रेखा, नगर निगम रुद्रपुर में 19.03 तथा काशीपुर में 38.62 % तक पहुंच सकता है ओबीसी आरक्षण

-अर्श-

देहरादून। सूबे के नगर निकाय चुनाव की कवायद अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आगामी अक्टूबर माह में नगर निकाय चुनाव करा लिए जाएंगे। विगत दिनों धामी कैबिनेट ने नगर निकाय में ओबीसी आरक्षण बढ़ाए जाने संबंधी उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (संशोधन) विधेयक 2024 व उत्तराखंड(उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 (संशोधन) विधेयक 2024 को विधानसभा सत्र में रखने पर अपनी मुहर लगा दी है। अब सभी निकायों में एससी एसटी की तर्ज पर आबादी के हिसाब से ओबीसी को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा। संशोधन विधेयक के प्रभाव में आने के बाद कहीं आरक्षण 14 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा, तो कहीं कम ।आरक्षण लागू करने के लिए शहरी विकास विभाग सभी जिलाधिकारियों को रिपोर्ट भेजेगा। इस रिपोर्ट पर जिलाधिकारी आपत्तियां मांगने के बाद अंतिम आरक्षण रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। तत्पश्चात राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेगा । एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की सिफारिशों के तहत सभी निकायों में




मेयर, डिप्टी मेयर, चेयरमैन, पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष से लेकर पार्षद, सभासद, वार्ड सदस्य तक की सीटों में इजाफा होगा।निगमों में मेयर का आरक्षण 14 से बढ़कर 18.05 प्रतिशत, पालिकाओं में अध्यक्ष का आरक्षण 14 से बढ़कर 28.10 और पंचायतों में अध्यक्ष का आरक्षण 14 से बढ़कर 38.97 प्रतिशत हो सकता है।कुल सीटों के मुकाबले आरक्षित सीटों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी । संशोधन के बाद निकायों में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ेगा। नगर निगम में ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर में 19.03, काशीपुर में 38.62 प्रतिशत, हरिद्वार जिले के हरिद्वार में 20.90 और रुड़की में 36.20 प्रतिशत, नैनीताल के हल्द्वानी में 18.42 प्रतिशत आरक्षण होगा। मैदानी जिलों में केवल देहरादून में 14 से कम यानी 11.92 और ऋषिकेश में 9.06 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की संस्तुति की गई है। पर्वतीय जिले पौड़ी के कोटद्वार में 6.52 और श्रीनगर में 5.51 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की सिफारिश की गई है।पालिकाओं के गणित पर नजर डालें तो देहरादून की विकासनगर में 22.93, डोईवाला में 34.82, मसूरी में 12.23 प्रतिशत, हरिद्वार की मंगलौर में 67.73, लक्सर में 36.04, शिवालिकनगर में 14.91 प्रतिशत, ऊधमसिंह नगर की गदरपुर में 37.85, जसपुर में 63.52, बाजपुर में 32.59, (शेष पृष्ठ सात पर)

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तस्लीम जहां के पिता से की मुलाकात

गदरुपर( उद संवाददाता)। सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मृतका तस्लीम जहां के पिता नफीस अहमद से मुलाकात की और उन्हे ढाडस बंधाते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार इस दु:ख की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि वह पहले दिन से परिवार को इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और तब तक लड़ते रहेंगे जब तक परिवार को इंसाफ नहीं मिल जाता। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वह पीड़ित परिवार को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों से भी मुलाकात कर चुके हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि जल्द ही मृतका को इंसाफ मिलेगा चाहे इसके लिए उन्हें सीबीआई से ही जांच क्यों न करानी पड़े वह पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि तस्लीम जहां गदरपुर की ही नहीं पूरे उत्तराखंड की बेटी थी। जिसको न्याय दिलाने के लिए लोग जगह-जगह सड़कों पर उतरकर अपना रोष व्यक्त कर रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा द्वारा बीते दिनों दिए गए बयान को लेकर राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि सही और गलत के लिए न्यायपालिका मोजूद है। यदि जॉच में फुटेला अस्पताल का कोई भी कर्मी दोषी पाया जाता है तो वह सजा का हकदार है और यदि अस्पताल दोषी नही पाया जाता तो उन्हें क्लीन चिट मिलेगी। उन्होंने कहा कि में या कोई और इसका फैसला नहीं कर सकता यह तो जांच के बाद ही साफ हो सकेगा। इस दौरान शराफत अली मंसूरी, राजेश बाबा, शैलेंद्र शर्मा, विकास तनेजा सहित कई कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

## नर्स हत्याकांड पर जिलाध्यक्ष के बयान से हुई किरकिरी

गदरपुर। रुद्रपुर के फुटेला अस्पताल में कार्यरत महिला स्टाफ नर्स तस्लीम जहां की बेरहमी से की गई हत्या मामले में फुटेला अस्पताल की पैरवी करना कांग्रेस जिलाध्यक्ष को भारी पड़ गई। जिलाध्यक्ष के बयान वायरल होने के बाद लोग तीखी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। जाने अनजाने फिसली जुबान के कारण जिलाध्यक्ष गाबा को काफी किरकिरी का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष के इस बयान को सही प्रकार से पेश करने के लिए कांग्रेसियों को आगे आना पड़ा। उनका कहना था कि वह शुरुआत से ही मृतका को इंसाफ दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं और आखरी दम तक करते रहेंगे। जब तक पीड़ित परिवार को इंसाफ नहीं मिल जाता। कांग्रेस इस लड़ाई को जारी रखेगी।



# पालिका में शामिल करने के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

रामनगर( उद संवाददाता)। विकास खंड के अंतर्गत आने वाले कुछ ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को पालिका में शामिल करने की मांग की। बता दें नगर निकाय चुनाव को लेकर उत्तराखंड सरकार द्वारा रामनगर विकासखंड के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पालिका सीमा का विस्तार कर इसमें शामिल करने का आदेश दिया गया है। इसके बाद कुछ गांव के लोग सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं वहीं कार्बेट कालोनी, आदर्श नगर व शक्ति नगर के सैकड़ो ग्रामीणों ने अपने ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पालिका सीमा में शामिल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव नगर पालिका की सीमा से लगते हुए हैं लेकिन सरकार ने उनके ग्रामों को नगर पालिका में शामिल नहीं किया है जबकि जो ग्रामीण क्षेत्र नगर पालिका से 3 किलोमीटर दूरी पर है उन्हें शामिल किया गया है। मामले में एडवोकेट पूरन चंद पांडे ने सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि सभी जगह एक समान कानून लागू होना चाहिए लेकिन सरकार वोटो की राजनीति कर जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नगर पालिका विस्तार का जो फैसला लिया है उसमें जनता की राय नहीं ली गई है। उन्होंने कहा कि जो ग्रामीण नगर पालिका में शामिल होना चाहते हैं सरकार उन्हें शामिल करें तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि अभी लोग अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो वह शीघ्र हाई कोर्ट की शरण लेंगे।



# पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

सितारगंज (उद संवाददाता)।पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के किए हुए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कंप्यूटर युग की शुरुआत की थी, मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को संचालित कराया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, जिलानी अंसारी, हसनैन मलिक, अख्तियार अहमद पटौदी, सिराजुद्दीन, नरेंद्र सिंह बमराह, दिलबाग सिंह, विपिन खोलिया, हरप्रीत सिंह मौजूद रहे।



# स्व. नारायणी देवी की आंखों से दुनिया देख सकेंगे दो नेत्रहीन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी हरीश मेहंदीरत्ता, दिनेश कुमार मेंहदीरत्ता की माता जी श्रीमती नारायणी देवी का विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। माताजी के इच्छानुसार परिजनों ने उनके नेत्रदान कराये। नारायणी देवी के निधन के पश्चात परिवारजनों ने भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्य संजय ठुकराल के माध्यम से भारत विकास परिषद रूद्रपुर शाखा से संपर्क करके सी एल गुप्ता आई बैंक की टीम के सहयोग से नेत्रदान की सेवा की गई। नेत्रदान के समय भाविप के वरिष्ठ सदस्य भारत भूषण चुघ, प्रांतीय नेत्रदान संयोजक अमित गंभीर, विक्की आहूजा , राजकुमार भूसरी, गगन दुनेजा, सचिन चावला, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार , मधुर कुमार एवं अन्य परिवारजन मौजूद रहे। श्रीमती नारायणी देवी के के नेत्रों से अब दो नेत्रहीनों को नेत्र ज्योति मिल सकेगी। नेत्रदान करके श्रीमती नारायणी देवी हमेशा के लिए अमर हो गईं। ग्राम भूरारानी क्षेत्र में यह पहला नेत्रदान भारत विकास परिषद की टीम द्वारा कराया गया।



# नर्स हत्याकांड के खिलाफ कांग्रेसियों ने रखा मौन उपवास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर देवभूमि की बेटियों की सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने मौन उपवास रखा। देवभूमि की बेटियों महिलाओं पर दिन प्रतिदिन बढ़ते अत्याचारों के खिलाफ उत्तराखंड कांग्रेस के निर्देश पर जिला महानगर कांग्रेस द्वारा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में मंगलपडाव स्थित ष्अंबेडकर पार्कष् में मौन उपवास किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि महिलाओं बेटियों पर दिन प्रतिदिन बढ़ते अत्याचारों से देवभूमि कलंकित होती जा रही है। महिलाओं बेटियों को मानवरूपी नरपिशाचो से बचाने के लिये हम सभी को मिलकर कार्य करने होंगे। कानून और न्याय प्रक्रिया को राजनीति से परे रखने की सख्त जरूरत है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि माताओं, बहनों, बेटियों के साथ बढ़ते अत्याचारों से प्रत्येक उत्तराखंडवासी का सर शर्म से झुका हुआ है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हम सब कांग्रेसजन उत्तराखंड की हर एक माता, बहन, बेटी की सुरक्षा का संकल्प लेते है। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान से संबंधित जिम्मेदारियों को हम सबको समझना होगा और ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि महिला सुरक्षा राष्ट्रीय अस्मिता का मामला होना चाहिए और इससे खिलवाड़ करने वाले पर बिना देरी के कठोर से कठोर सजा का प्रावधान सुनिश्चित होना चाहिए। महिला सुरक्षा और अस्मिता को लेकर आहूत मौन उपवास मे पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, हेमंत बगडवाल, तारा नेगी, राजेन्द्र खनवाल, भोला भट्ट, दीप पाठक, नंदन दुर्गापाल, गोपाल नेगी, जीवन कार्की, ललित जोशी हाजी सुहैल सिद्दीकी, मलय बिष्ट, जगमोहन चिलवाल, जया कर्नाटक, विमला सांगुड़ी, संध्या डालाकोटी, राधा आर्य, कमला सनवाल, दया बमेठा, प्रीति आर्य, अखिल भंडारी, ललित मोहन पांडे, डॉ मयंक भट्ट, डॉ केदार पड़लिया, परमजीत संटी, कानू बिष्ट, योगेश जोशी, महेशानंद, इंदरपाल आर्य, खजान पांडे, प्रेम चौधरी, अशोक जोशी, इकबाल अंसारी, मोहन बिष्ट, महेश कांडपाल, हरेंद्र क्वीरा, अर्जुन बिष्ट, शंकर जोशी, हेमंत बगढ़वाल, राम सिंह नगरकोटि, रेकुनी जी, जाकिर हुसैन, मोहन बिष्ट, हेम पांडे, मनोज श्रीवास्तव, त्रिलोक बनोली, हेमंत साहू, दया कबड़वाल, संजू पाना, नरेश अगवाल, रमेश कुमार, सूरज प्रकाश, विक्रम रंधावा, एडवोकेट धर्मवीर, प्रदीप नेगी, अमित रावत, शेरदिल समेत सैकड़ो कांग्रेसियो ने मौन उपवास कर देवभूमि की माताओं, बहनों, बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लिया।



# जुबान फिसलने से कांग्रेस जिलाध्यक्ष के खिलाफ आक्रोश, वीडियो वायरल

गदरपुर( उद संवाददाता)। तस्लीम जहां हत्याकांड को लेकर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की जुबान फिसलने से मामले में विवाद पैदा हो गया है। हांलाकि पीड़ित को इंसाब दिलाने की पैरवी करते हुए उन्होंने तस्लीम जहां के चरित्र पर ही उंगली उठा दी जिसको लेकर परिजनों में भारी रोष है । पीड़ित पक्ष के लोगों को कहना है कि जहां एक तरफ उत्तराखंड की कांग्रेस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए जगह-जगह प्रदर्शन और पत्राचार के माध्यम से सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं तो वहीं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा उन सबके अरमानों पर पानी फेरते नजर आ रहे है और अपनी ही पार्टी की जमकर फजीहत करवा रहे हैं। बता दें गदरपुर निवासी नफीस की बेटी तस्लीम जहां की बीते दिनों निर्मम हत्या हो गई थी, जिसमें रुद्रपुर पुलिस ने 14 अगस्त को एक खुलासा किया है। खुलासे को लेकर परिजन संतुष्ट नहीं है और जगह-जगह प्रोटेस्ट कर सीबीआई जांच की मांग भी कर रहे है। वही प्रदेश भर की कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता व तमाम कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ जी जान से मेहनत करते नजर आ रहे हैं ताकि तस्लीम जहां को न्याय मिल सके लेकिन रुद्रपुर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा का रुख कहीं और इशारे कर रहा है। एक निजी अस्पताल पर लगे आरोपों को हिमांशु गाबा द्वारा नकारते हुए उन्होंने खुद बेटी तस्लीम जहां के चरित्र पर ही उंगली उठा दी। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसको लेकर परिजनों सहित गदरपुर के लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है और कई सवाल खड़े हो रहे है । हालांकि हिमांशु गाबा इस प्रकरण में माफी मांगते नजर आ रहे हैं। हिमांशु गाबा के इस बयान से मुस्लिम समाज में काफी रोष है और हिमांशु गाबा का पुतला भी दहन किया गया है और हिमांशु गाबा को पद से हटाने की मांग की गई है। वही सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा को इस प्रकरण में एक नोटिस भी जारी किया है वही जानकारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा से दूरभाष पर संपर्क करना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।



## आखिर अस्पताल स्टाफ पर किस ओर था हिमांशु गाबा का इशारा?

रुद्रपुर। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें तस्लीम जहां हत्याकांड पर हिमांशु गाबा एक निजी अस्पताल के मालिक को बचाते हुए स्टाफ पर बार-बार मृतक नर्स के साथ किसी ताने-बाने का आरोप लगाते नजर आ रहे हैं क्या हिमांशु गाबा जानते हैं अस्पताल स्टाफ में कोई आरोपी हो सकता है अगर जांच की जाए तो पुलिस को हिमांशु गाबा से और भी कुछ अहम जानकारी मिल सकती है इसकी भी बारीकी से जांच होनी चाहिए।

# अपराधों से मुक्त होगा किच्छा, नागरिक सुरक्षा कवच तैयार



- कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने की शानदार पहल 'सामुदायिक पुलिसिंग' से क्षेत्र की जनता को मिलेगी सम्पूर्ण सुरक्षा
- 'कम्युनिटी सुरक्षा समिति व्हाट्सएप ग्रुप' के माध्यम से थाना क्षेत्र के हजारों लोगो के पास एक मिनट में पहुंचेगा संदेश

किच्छा(उद संवाददाता)।जनपद ऊधमसिंहनगर के किच्छा कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा पुलिस और जनता के बीच सामंजस स्थापित करने के लिए अपनी गई सामुदायिक पुलिसिंग व्यवस्था के तहत अपराधों को नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की जा रही है। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा अमल में लाई गई इस नई व्यवस्था के तहत पुलिस का सीधी-सीधे आम नागरिकों से संपर्क स्थापित हो रहा है जो कि अपने आप में एक मिसाल बनता जा रहा है। सामुदायिक पुलिसिंग मे सोशल मीडिया के प्रयोग का कोतवाली किच्छा द्वारा एक सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है, प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से इस पहल को प्रारम्भ किया है, जिसमें समस्त कोतवाली किच्छा क्षेत्र को 07 हल्को में विभाजित किया गया है, प्रत्येक हल्का क्षेत्र में अधिकतम 6 स्थानीय निकाय इकाइयों जैसे ग्राम/वार्ड को रखा गया है, तथा सम्पूर्ण थाना क्षेत्र का हल्का चार्ट बनाया गया है, थाना किच्छा क्षेत्र में कल 36 स्थानीय निकाय इकाई है, जिसमें 19 ग्राम सभा तथा 17 नगरपालिका वार्ड सम्मिलित है, इन सभी स्थानीय निकाय ग्राम तथा वार्डो में अलग-अलग सोशल मीडिया "कम्युनिटी सुरक्षा समिति व्हाट्सएप ग्रुप" बनाए गए हैं, सभी व्हाट्सएप ग्रुप में वहा के जनप्रतिनिधि तथा जन जागरूक महिला तथा पुरुषों को सुरक्षा समिति का सदस्य बनाकर जोड़ा गया है, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा द्वारा प्रत्येक ग्राम तथा वार्ड में जाकर वहा के लोगो के साथ गोष्ठी कर ग्रुप के उद्देश्य को बताकर, ग्राम तथा वार्डों में सुरक्षा समिति का गठन कर, बनाए गए "कम्युनिटी सुरक्षा समिति व्हाट्सएप ग्रुप" में जुड़ने हेतु जन सामान्य को प्रोत्साहित किया गया, जिसमें शहरी क्षेत्र में 17 नगरपालिका वार्डो तथा ग्रामीण क्षेत्र की 19 ग्राम सभाओं के अलग-अलग कुल 36 सोशल मीडिया कम्युनिटी सुरक्षा समिति ग्रुप बनाकर हजारों लोगो को जोड़ा गया है, वार्ड में उसी वार्ड से तथा ग्राम सभा में उसी ग्राम सभा के 1000 सदस्य को ग्रुप में जोड़ा जा सकता है, कोतवाली किच्छा पुलिस द्वारा इन ग्रुप के माध्यम से किच्छा कोतवाली किच्छा क्षेत्र के 36000 (छत्तीस हजार) लोगो को सोशल मीडिया से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा द्वारा इन सभी 36 व्हाट्सएप ग्रुपो के सात व्हाट्सएप कम्युनिटी ग्रुप बनाए गए है, सभी सातों कम्युनिटी ग्रुप के एडमिन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा सुन्दरम शर्मा है तथा सभी सातों हल्का की कम्युनिटी ग्रुप के एडमिन सातों हल्का प्रभारियो को बनाया गया है, जिसके माध्यम से हल्का प्रभारी अपने किसी भी संदेश को ग्रुप के माध्यम से ब्रॉडकास्ट कर सकता है, इन कम्युनिटी सुरक्षा समिति व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से किच्छा क्षेत्र के आम जनमानस तथा कोतवाली किच्छा पुलिस के मध्य एक सीधा संवाद स्थापित हो गया है, प्रत्येक ग्राम का नागरिक जो व्हाट्सएप ग्रुप चलाना जानता है, इन व्हाट्सएप सुरक्षा समिति ग्रुप से जुड़कर ग्रुप तथा अपनी समस्याओं के लिए कोतवाली/थाना/चौकी के चक्कर नही काटने पड़ते हैं, बल्कि वह ग्रुप के माध्यम से अपनी समस्या को बताकर घर बैठे अपनी समस्याओ का निराकरण अपने हल्का/बीट कर्मी और हल्का प्रभारी व प्रभारी निरीक्षक किच्छा से सीधे समाधान कर रहा है तथा अपने गांव तथा वार्ड की समस्या के बारे में अच्छे सुझाव भी दिए जा रहे है, किच्छा कोतवाली क्षेत्र के वार्ड/गांव के लिए यह "कम्युनिटी सुरक्षा समिति व्हाट्सएप ग्रुप" सुरक्षा कवच का काम रहे तथा सम्पूर्ण थाना क्षेत्र के वार्ड तथा ग्राम सभा के जन जागरूक सदस्य अपने गांव को ग्रुप में जोड़ने हेतु प्रोत्साहित कर रहे है, जिससे और अधिक मजबूत सुरक्षा समिति के सदस्यों का चुनाव हो रहा है, जो पुलिसिंग कार्य में अधिक सहयोग प्रदान कर रहे है, इन सभी जागरूक नागरिकों के बीच में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा हो गया है जिससे पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तथा अपराध नियंत्रण करने में अच्छे सुझाव तथा सूचना प्राप्त हो रही है। प्रत्येक महीने में हल्का प्रभारी द्वारा अपने सभी ग्राम तथा वार्डों में सुरक्षा समिति की अलग-अलग बैठक की जाती है तथा प्रभारी निरीक्षक किच्छा द्वारा हल्के की सभी ग्राम तथा वार्डों के सुरक्षा समितिया की एक गोष्ठी हल्का क्षेत्र में की जाती है तथा सम्पूर्ण थाना क्षेत्र में 07 हल्के होने के कारण प्रभारी निरीक्षक किच्छा द्वारा सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ-साथ 4 तारीख से लेकर 28 तारीख तक सम्पन्न की जाती है, तथा थाना क्षेत्र की सम्पूर्ण कम्युनिटी सुरक्षा समिति की बैठक माह के अंतिम दिवस थाना किच्छा पर की जाती है जिसमें थाना किच्छा के संपूर्ण 36 स्थानीय निकाय इकाई ग्राम तथा वार्ड के सुरक्षा समिति के सदस्य सम्मिलित होते है, इस सोशल मीडिया के माध्यम से सामुदायिक पुलिसिंग की इस पहल की किच्छा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। इसके द्वारा यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में, महिला सम्बन्धी अपराधों के सम्बन्ध में, साईबर अपराधों के सम्बन्ध में, बाहरी व्यक्तियों के सत्यापनो में भी कारगर साबित हुई है। व्हाटसएप ग्रुपो" के द्वारा आपदा के दौरान तथा थाना क्षेत्र के गुमशुदा होने के दौरान सूचना को त्वरित ढंग से आम जनमानस तक पहुंचाने तथा लावारिश शव की शिनाख्त में विशेष योगदान मिल रहा है। इन कम्यूनिटी सुरक्षा ग्रुप के माध्यम से थाना क्षेत्र के हजारों लोगो के पास संदेश एक मिनट में पहुंच जाता है। इस पहल का किसी भी संदेश (सूचना) को आम जनमानस तक फैलाने में अनोखा योगदान रहा है। ग्रुप में जुड़े सदस्यो में ही थाने क्षेत्र की ग्राम/वार्ड सुरक्षा समिति, महिला सामुदायिक समिति, पुरुष सामुदायिक समिति, तथा 06 प्रकार के वॉलिंटर (ट्रैफिक वॉलिंटियर ,डिजिटल वॉलिंटियर, महिला वॉलिंटियर , सामान्य वॉलिंटियर, ड्रग्स वॉलिंटियर, आपदा वॉलिंटियर) तथा स्पेशियल पुलिस ऑफिसर का चुनाव किया गया है, जिन्हे गुरूप में जोड़ दिया गया है। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के अनुसार "सामुदायिक पुलिसिंग" अर्थात पुलिस और नागरिकों की सामूहिक पुलिसिंग। पुलिसिंग को आम तौर पर एक कानून प्रवर्तन दर्शन के रूप में परिभाषित किया जाता है लेकिन सामुदायिक पुलिसिंग जो अधिकारियों को उस क्षेत्र में रहने और काम करने वाले नागरिकों के साथ एक मजबूत सम्बन्ध बनाने के लिए लगातार एक ही क्षेत्र में काम करने की अनुमति देता है। सामुदायिक पुलिसिंग मुख्य रूप से समुदायों के साथ सीधे संवाद करके और काम करके अपराधों को रोकने और उस क्षेत्र के समुदाय को अपनी सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से शामिल करके पुलिस सत्ता की गतिशीलता को बदलने पर समुदाय केंद्रित बनाना है। सामुदायिक पुलिसिंग कोई नई विधि नहीं है, मानक पुलिसिंग के कुरूप चेहरे को सकारात्मक रूप देना है पुलिस तथा जन समुदाय के बीच की खांई को पाटना है, सामुदायिक पुलिसिंग आर्थिक रूप से कुशल है और अपराधों को कम करने में प्रभावी उपाय है। सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से हम पुलिस के कार्य को आम नागरिक के सहयोग से करवा कर पुलिस की बोझिल प्रणाली को भी कम कर सकते हैं तथा आम नागरिकों से अपनी सुरक्षा स्वयं करने का आत्मविश्वास जगाकर, उनमें सुरक्षा तथा विश्वास के भाव पैदा कर सकते है।

## अंतिम सोमवार को शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने शिवालयों में विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिरों में हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे कांवड़ियों द्वारा भी जलाभिषेक किया गया। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री अर्पित करने के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, संजय नगर, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़,



जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, भदईपुरा, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, भूरारानी, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर परिवार में मंगलमय होने की कामना की। सावन के अंतिम सोमवार होने के कारण सभी मंदिरों में शिव भक्तों की काफी भीड उमड़ी रही।

## फैक्ट्री के प्रदूषण से आम की फसल बर्बाद होने का आरोप



सितारगंज (उद संवाददाता)।बॉर्डर क्षेत्र में संचालित फैक्ट्री के प्रदूषण से आम की फसल बर्बाद होने का आरोप लगाते हुए भाग स्वामी ने हाईकोर्ट की शरण में जाने की चेतावनी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहरीले धुंए से आम का उत्पादन 50 फीसद घटा है। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन प्रदूषण रोकने को लेकर कोई भी प्रबंध नहीं कर रहा है। पीलीभीत रोड के सरकडा चीनीमिल में एक फैक्ट्री संचालित हो रही है। गांव के उप प्रधान कुलदीप सिंह ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री के नजदीक लगभग सात बीघे में उनका आम का बाग है। आरोप है कि मानकों की अनदेखी कर फैक्ट्री संचालित की जा रही है। जिसकी वजह से फैक्ट्री के निकलते जहरीले धुएं से आम की फसल खराब हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से फैक्ट्री संचालित हुई है। बाग में आम की फसल का करीब 50 फीसद उत्पादन कम हो गया है। गांव के उप प्रधान कुलदीप सिंह ने मामले में कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में वाद दायर करने की चेतावनी दी है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया फैक्ट्री से प्रदूषण फैक्ट्री से प्रदूषण निकलने की उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## हथियारबंद दबंगों ने किया की घर से युवक को अगवा करने का प्रयास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शास्त्री नगर गड्ढा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में विगत रात्रि कुछ हथियार बंद दबंगों ने घर से एक युवक को जबरन अगवा करने की कोशिश की गई एल जिसका विरोध करने पर परिजनों से मारपीट की वही परिजनों ने हमलावरों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। गड्ढा कालोनी निवासी महिला का कहना है कि 18 अगस्त की रात लगभग 11:30 बजे एक कार में सवार होकर पांच लोग उनके घर पर आए और पति को जबर्दस्ती आने साथ ले जाने की कोशिश करने लगे। यह देखकर जब वह घर से बाहर आयी तो वह लोग उसे भी जबर्दस्ती अपने साथ ले जाने लगे और जब देवर बीच बचाव करने आए तो उन लोगों ने अपने कई साथियों को बुला लिया और परिजनों को मारा पीटा फिर जबर्दस्ती पति को पकड़कर ले जाने लगे। पति जैसे तैसे अपनी जान बचाकर भागे। इस बीच एक हमलावर ने अपने साथ साथ लाये हथियार से फाइरिंग भी की और जाते -जाते जान से मारने की धमकी देकर गए है। घटना के बाद से परिजनों को अपनी जान का खतरा बना हुआ है।

## समाजसेवी अशोक वार्ष्णेय की पत्नी का आकस्मिक निधन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजसेवी व ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय की पत्नी कल्पना वार्ष्णेय का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका स्वास्थ्य काफी समय से ठीक नहीं था उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान रामपुर रोड से श्मशान घाट गई। स्वर्गीय कल्पना वार्ष्णेय का उठवानी संस्कार कल 21 अगस्त को रामपुर रोड हिंदू धर्मशाला में शाम 4 बजे से रखा गया है। निधन की खबर से उनके निवास स्थान में कई सामाजिक संगठनों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। सामाजिक संगठनों से वार्ष्णेय समाज, वैश्य महासभा, वैश्य महिला



समिति, युवा वैश्य महासभा, सहित अनेकों संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## अनु.जाति के छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति के लिए मांगे आवेदन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिक पूर्व और मेट्रिकोत्तर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) खुला हुआ है। अनुसूचित जाति के छात्र पोर्टल https://scholarship.gov.in पर पात्र छात्र आवेदन कर सकते हैं। मैट्रिकपूर्व छत्रवृत्ति हेतु पात्रता दो श्रेणी में रखी गई है। प्रथम श्रेणी में छात्र अनुसूचित जाति का हो, छात्र के माता-पिता/ अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 9 और कक्षा 10 में पढ़ने वाले छात्र हो। इस पात्रता को पूर्ण करने वाले छात्रों की पात्रता राशि शैक्षणिक भत्ता 3500 रुपये से 7000 रूपये प्रतिवर्ष एवं दिव्यांग छात्रों के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता रखा गया है। द्वितीय श्रेणी में ऐसे छात्र जिनके माता-पिता/अभिभावक सफाई से सम्बंधित कार्य में लगे है और जिन्हें स्वास्थ्य सम्बन्धी खतरे की आशंका है, कोई आय सीमा का मानदण्ड नहीं है एवं जो मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 10 में पढ़ रहे हो। इस पात्रता को पूर्ण करने वाले छात्रों की पात्रता राशि शैक्षणिक भत्ता 3500 रुपये से 8000 रूपये प्रतिवर्ष एवं दिव्यांग छात्रों के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता रखा गया है। इसी प्रकार मैट्रिकोत्तर छत्रवृत्ति हेतु जो पात्रता रखी गई है उसके अनुसार छात्र के माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो, मान्यता प्राप्त विद्यालयों/कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र हो एवं कक्षा 11 से आगे सभी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम के छात्र हो। इस पात्रता को पूर्ण करने वाले छात्रों की पात्रता राशि शैक्षणिक भत्ता 2500 रुपये से 13500 रुपए प्रति वर्ष, दिव्यांग छात्रों के लिए अतिरिक्त 10% भत्ता एवं अनिवार्य अप्रतिदेय (नॉन रिफंडेबल) शुल्क (ट्यूशन फीस सहित)। अनुसूचित जाति के वह छात्र जो उक्त पात्रता रखते हों वे छात्र ऊपर दिए गए लिंक पर आवेदन कर सकते है।

## व्यापारी की दुकान के बाहर से दस कट्टे नमक चोरी

रामनगर(उद संवाददाता)।मुख्य बाजार में एक नमक व्यापारी की दुकान के बाहर रखें टाटा कंपनी के 10 नमक के कट्टे चोरी करते हुए पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए ।कोसी रोड निवासी राहुल अग्रवाल ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर द्वारा उनकी दुकान के बाहर टाटा कंपनी के 10 कट्टे नमक के चोरी कर लिए गए तथा चोरों द्वारा की गई घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। व्यापारी ने बताया कि चोर द्वारा नमक के कट्टे नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी में ले जाए जा रहे हैं । वहीं व्यापारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की गश्त ना होने के कारण बाजार में इस प्रकार की घटनाएं घटना आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि लगातार इस प्रकार की घटना घटने से अब व्यापारियों में भी रोष बढ़ रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी जांच में जुट गई है।

# सीएम को राखी बांधकर बहनों ने दिया आशीष

## सीएम धामी ने खटीमा आवास में मनाया रक्षाबंधान का पर्व, आवास पर आये लोगों की समस्याएं भी सुनी






खटीमा (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहनों ने उनके निजी आवास नगरा तराई, खटीमा में राखी बांधकर अपना आशीष दिया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय, लोहिया हेड में जनता से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी। राज्य आंदोलनकारियों व उनके परिवारजनों ने राज्य आंदोलनकारियों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के बिल पास होने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तदोपरांत मुख्यमंत्री ने लोहिया हेड हेलीपैड पर इंटरलॉकिंग टाईल्स के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा पहुंचने पर लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं को राखी बांधकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। धामी ने सभी आगंतुकों से मुलाकात की उसके बाद महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, जिला मंत्री किशोर जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य किशन सिंह आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को राखी बांधी । हेलीपैड एवं कैंप कार्यालय में प्रदेश के मुख्य पुष्कर सिंह धामी ने जानता से मुलाकात की जहां भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने दैवीय आपदा में खटीमा की जर्जर सड़कों की स्थिति से पुष्कर सिंह धामी को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने खटीमा महाविद्यालय के छात्र नेताओं से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को सुना राज्य आंदोलन कार्यों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर सरकार द्वारा नौकरियों में दिए जाने वाले 10% आरक्षण को राज्यपाल की मंजूरी मिलने पर माननीय पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया। वहीं प्रातः अपने आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहनों से अपने निवास पर रक्षा सूत्र बंधवाया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देवीधुरा के बगवाल मेले के उद्घाटन में पहुंचे युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलने वालों में नगर महामंत्री मनोज वाधवा, नंदन सिंह खड़ायत, भुवन जोशी, शशांक, सतीष गोयल, नवीन बोरा, रंजीत नामधारी, सन्तोष गौरव, गोपाल बोरा, अशोक बत्रा, राजेश राणा, कामिल खान, भवानी भण्डारी, भुवन भट्ट, सन्तोष अग्रवाल, दीपक तिवारी मोजूद रहे। महिला अधिवक्ताओं ने भी पुष्कर सिंह धामी के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। सभासद गोकुल ओली एवम महेश राणा ने कंगाबाग रोड़ के नाली निमार्ण एवम सड़क निर्माण के लिऐ सड़े चार करोड की धनराशि अब मुक्त होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया। जिला महामंत्री सतीश गोयल एवं नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कोतवाली खटीमा से टेल टैक्स तक दोनोंओर डिवाइडर लगाने एवं एन एच की नली के चौड़ीकरण की मांग पुष्कर सिंह धामी सेकी ताकि खटीमा को जल भराव से मुक्ति मिल सके।





# धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पावन त्यौहार

## बहनों ने राखी बांधकर की भाईयों की दीर्घायु की कामना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाई बहन के मधुर प्यार का पर्व रक्षा बंधन गत दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जहां बहनों ने भाईयों को तिलक लगाकर उनकी कलाई पर पूजा अर्जना करते हुए राखी बांधी और मुंह मीठा कराकर उनके दीर्घायु की कामना की तो वहीं भाईयों ने बहनों को कई उपहार देने के साथ ही उनकी हर परिस्थितियों में रक्षा करने का वचन दिया। पंचांग के अनुसार अधिकांश बहनों द्वारा दोपहर डेढ़ बजे के बाद भाईयों की कलाई को राखी से सजाया गया। रक्षाबंधन पर्व भाई बहनों के रिश्ते को मजबूत करता है। रक्षाबंधन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में जाकर भी भगवान को राखियां बांधी गईं। इस पर्व पर सभी मिठाई की दुकानों पर खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ी रही। वहीं आसमान में पतंग उड़ाकर तमाम लोगों ने खूब मनोरंजन किया। रक्षाबंधन पर्व पर नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। **सितारगंज**– रक्षाबंधन का त्योहार क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। त्योहार को लेकर सुबह से ही बाजारों में मिठाइयों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। सोमवार को शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की। इसके साथ ही शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी। इसके साथ ही भाइयों की कुशलता के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को उनकी पसंद के उपहार देकर अपना स्नेह दिखाया। राखी पर्व की धूम सोशल मीडिया से लेकर हर तरफ मची रही।












# कैंडिल मार्च निकाल नर्स को इंसाफ दिलाने की मांग

रुद्रपुर/केलाखेड़ा (उद संवाददाता)। दरिंदगी की शिकार हुई नर्स को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को सड़क पर जनसैलाब उतर पड़ा। लोगों ने मुख्य बाजार में पैदल मार्च निकाला और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मामले की मृतका के परिजन भी शामिल हुए। लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर न्याय की मांग की।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। नर्स के वास्तविक हथियारों कोपकड़ने के लिए सीबीआई जांच होना जरूरी है। उन्होंने मिलनी चाहिए ।उन्होंने तहसीलदार दिनेश कुटौला को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें नर्स हत्याकांड की सीबीआई जांच, परिजनों को 50 लाख का मुआवजा और मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की गई। वहां व्यापार मंडल के अध्यक्ष

केलाखेड़ा और गदरपुर के लोगो द्वारा एक मार्च का आयोजन किया गया जिसमे नर्स हत्याकांड मे सीबीआई जांच और आरोपियों को फांसी की सजा की मांग की गई।रविवार शाम नगर के सरकड़ी चौराहे पर फैजान खान और अब्दुल्ला पठान के जघन्य अपराधों के खिलाफ लोग लामबंद हो गए है। लोगो ने, रुद्रपुर की नर्स और कलकत्ता की डॉक्टर के हत्यारो को फांसी देने की माँग करनी शुरू दी है, रविवार देर शाम तेज बारिश के बाबजूद लोग सड़को पर उतर आये और देश की की महिलाओ ने भी बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर फैजान खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष अकरम पठान, पूर्व नगर अध्यक्ष हामिद अली तथा मोहम्मद सफी अंसारी, पू विधायक प्रेमानंद महाजन, दिलशाद ,अब्दुल्लाह







सीबीआई जांच की मांग की है।सोमवार शाम तराई किसान संगठन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के लोग गल्ला मंडी में एकत्र हुए। यहां से कैंडल मार्च निकाला जाना था लेकिन बारिश के कारण लोगों ने भीगते हुए मुख्य बाजार होते हुए महाराजा रणजीत सिंह पार्क तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कहा कि रुद्रपुर में नर्स और कोलकाता में डॉक्टर के साथ दरिंदगी ने पूरे देश को झकझोर दिया। बेटियों को न्याय मिलना चाहिए। तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि मृतका के परिजन भी पुलिस के खुलासे से संतुष्ट नहीं है। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। दोषी फांसी की सजा संजय जुनेजा, युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, परवेज कुरैशी, सुब्रत विश्वास, अंकित गिरी, संजय आईस, दीपक ठुकराल,ललित मटियाली ,बंटी कोली,ललित बिष्ट आदि थे।

**केलाखेड़ा।** देश मे हो रही बेटियों के साथ दरिंदगी पर लोगो ने सड़को पर उतरना शुरू कर दिया है। जिसमे रविवार रात को नेतृत्व में दर्जनो महिलाएं और जनप्रतिनिधि एकत्र हो गए। हाथ में मोमबत्ती और तखि्तया लिए लोगो ने नगर के मुख्य बाजार मे मार्च निकाला, मार्च मुख्य मार्ग से होते हुए अमी चंद पेट्रोल पम्प से होते हुए पुनः सरकड़ी तिराहे पर समाप्त हुआ। गौरतलब है कि देश मे महिलाओ के खिलाफ हो रहे बेटियों के लिए न्याय की मांग करने लगे लोगो ने उधम सिंह नगर पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस वास्तविक आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है, पुलिस के खुलासे में लीपा पोती के सिवा कुछ नहीं नजर आता है लोगो ने इस केस को सीबीआई को ट्रांसफर करने की माँग की। विरोध दर्ज कराने मे केलाखेड़ा पठान,अरमान, नगमा, सलीना, साहिबा, लता, सना,मुस्कान, नूर मोहम्मद, साजिद, इसमत, निशा, नासिर अली,अदनान संजिदा, साजिद, दानिश अंसारी, नाजिम फारूक,साजिद,आलिम,आमिल खान, मोहम्मदअली, अरहान मियां, जमशेद तुर्क, गौरव सैनी, फैजान सेख, सारिक सेख, रिजवान कुरैशी सहित दर्जनो लोग थे।

## शुक्ला ने राखी बंधवाकर बहनों को भेंट किया पौधे

किच्छा(उद संवाददाता)। रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है, इस पर्व के अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा स्थित अपने आवास पर एक अनोखी पहल की। उन्होंने क्षेत्र की बहनों से राखी बंधवाकर न केवल उनका आशीर्वाद लिया, बल्कि इस पावन त्यौहार को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों से भी जोड़ा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बहनों को एक-एक पौधा भेंट स्वरूप दिया और उनसे यह संकल्प लिया कि वे इस पौधे की उसी तरह रक्षा करेंगी जैसे भाई अपनी बहन की सुरक्षा का वचन देता है। यह पहल, पारंपरिक रक्षाबंधन को एक नई दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास था। उन्होंने कहा, जिस प्रकार राखी भाई और बहन के बीच विश्वास और समर्पण की डोर को मजबूत करती है, वैसे ही हमें अपने पर्यावरण की रक्षा भी पूरी निष्ठा से करनी चाहिए। इस विशेष अवसर पर उन्होंने कहा, रक्षाबंधन का यह पवित्र पर्व न केवल हमें हमारे रिश्तों की अहमियत समझाता है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। जिस प्रकार बहन अपने भाई के जीवन में उसकी रक्षा के लिए प्रार्थना करती है, हमें भी अपने समाज और प्रकृति की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। राखी बधाने मंडल अध्यक्ष आरती दुबे, पूर्व अध्यक्ष जानकी तिवारी, दया डसिला, कविता मान, सुनीता गंगवार, जश्मीरी देवी, कुसुम गंगवार, कमलेश गंगवार, शकुंतला देवी, सुमन देवी, दुपहरिया की महिला समूह अध्यक्ष ममता गंगवार, सावित्री, रेनू, पूनम , सविता देवी , पिंकी ,आरुषि, मुन्नी कश्यप, शकुंतला देवी, प्रवीण कौर, अंजू, निधि ,नेहा ,बबली ,रितु, जागृति , ओमवती गंगवार, रीता पांडे, रवीना गंगवार समेत सैकड़ो बहने उपस्थित थी।



## विधायक बेहड़ ने क्षेत्रवासियों को दी रक्षा बंधन पर्व की बधाई

किच्छा। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर विधायक बेहड ने समस्त क्षेत्रवासियों व प्रदेश वासियों को रक्षा बंधन के त्यौहार की बधाई दी और सबके कुशल मंगल की कामना करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक भाई का कर्तव्य होता है की वो अपनी बहन की रक्षा करे ठीक उसी जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकाँश समस्याओं का मौके पर ही निश्तारण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के हल करने हेतु हेतु आदेशित किया। इस दौरान क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक



प्रकार सरकारों का भी दायित्व होता है की प्रदेश वासियों की रक्षा करे और खास कर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करे लेकिन जिस प्रकार दिन-प्रतिदिन प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की खबरे आ रही है बड़ा खेद होता है कि सरकार देवभूमि में अपनी बहनों की रक्षा करने में नाकामयाब हुई है।जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। सहायता, बिजली, पानी , स्वास्थ्य , जैसी समस्याएं उनके सामने रखी। बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकाँश समस्याओं का निदान मौके पर ही किया। इस दौरान वार्ड न-12 नूरी मस्जिद वार्ड से नजाकत खान,हाजी रहीस अहमद, शफीक अहमद,लड्डन, शहीद, अख्तर, अख्तरअली, एव्वेहसन, इरसादबेग, फारुक, मोह्हमद इस्माइल आदि ने सार्वजनिक शौचालय बनाये जाने की मांग विधायक बेहड़ के समक्ष रखी।

## श्री गणेश महोत्सव समृद्धि उत्सव आयोजन कमेटी का गठन

### मिंटू अध्यक्ष, अजय महामंत्री व राजकुमार कोषाध्यक्ष बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री गणेश महोत्सव 2024 के आयोजन को लेकर देवभूमि सामाजिक मंच की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी श्री गणेश महोत्सव समृद्धि उत्सव 2024 के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा होली ग्राउंड में पिछले कई वर्षों से श्री गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। जो कि इस बार भी आगामी 7 सितंबर से 13 सितंबर तक किया जा रहा है। बैठक में सर्व सहमति से पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें कार्यकारिणी व संरक्षक मंडल के सभी लोगों की सर्व सहमति से मिंटू गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया और महामंत्री अजय कृष्ण गोयल, कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद, मुख्य कार्यक्रम संयोजक किशोर वार्ष्णेय व हिमांशु वार्ष्णेय को चुना गया। मीडिया प्रभारी का दायित्व कमल राजपाल को दिया गया। वहीं अजय कृष्ण गोयल और राजकुमार आनंद द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई और सभी सदस्यों द्वारा कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद महामंत्री अजय कृष्ण गोयल के बीते कार्यकाल में समाज हित में किए गए अनेकों कार्यों की प्रशंसा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारी द्वारा आगामी गणेश महोत्सव को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य तरीके से मनाने की बात कही गई और जल्दी ही शेष पदों पर नई टीम की घोषणा की जाएगी। बैठक में राजकुमार केसरवानी, पवन गुप्ता डब्बू, सन्नी आनंद, गोकुल केसरवानी, गणेश साहू, विजय गुप्ता, पंकज अग्रवाल सहित अनेकों लोग मौजूद थे सभी सदस्यों द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत किया गया।



## कुष्ठ रोगियों को बांधा रक्षा सूत्र

रूदपुर(उद संवाददाता)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किच्छा रोड स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम पहुंचकर दर्जनों कुष्ठ रोगियों को रक्षा सूत्र बांधा एवं उन्हें तिलक लगाया, और अपने हाथों से मिठाई खिलाई, उल्लेखनीय है



कि श्रीमती शर्मा पिछले कई वर्षों से रक्षाबंधन के पर्व पर किच्छा रोड स्थित मानव कुष्ठ रोगी आश्रम में कुष्ठ रोगी भाइयों और बहनों को रक्षा सूत्र बांधती रही है,इस वर्ष भी वह रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर मानव कुष्ठ रोगी आश्रम पहुंची, जहां उन्होंने सभी कुष्ठ रोगी भाइयों और बहिनों सहित बच्चो को तिलक किया, रक्षा सूत्र बांधा, और अपने हाथों से मिठाई खिलाई,और उनके दीर्घायु और उनके स्वस्थ होने की कामना की, इस अवसर पर बड़ी संख्या में कुष्ठ रोगी उपस्थित थे ।

## फर्स्ट स्टेप पब्लिक स्कूल में चेयरमैन चुघ ने किया ध्वजारोहण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कस्तूरी वाटिका स्थित फर्स्ट स्टेप पब्लिक स्कूल में विद्यालय के अध्यक्ष चुन्नीलाल चुघ और पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अनेक देश भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्कूली बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का प्रतिरूप धारण किया और खूब वाहवाही लूटी। बच्चों ने बम बम बोले मस्ती में डोले गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा ऐ वतन ए वतन पर समूह गान भी गाया गया। स्कूल की शिक्षिकाओं ने वंदे मातरम वंदे मातरम का गान किया। मुख्य अतिथि चुन्नी लाल चुघ और उर्मिला रानी चुघ ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सबको प्रेरणा देता है कि किस प्रकार देश की आजादी के लिए वीरों ने बलिदान दिया आज के बच्चे उनसे प्रेरणा लें और राष्ट्र के विकास के लिए अपना योगदान दें। इस दौरान प्रधानाचार्य चारु कटारिया, साधना सक्सेना, विधि सेठ ,आरती धूलिया ,गंगोत्री जोशी, प्रियांशी बिष्ट ,दुर्गेश समेत तमाम बच्चे उपस्थित थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सामूहिक बलात्कार और बर्बरता

एक ओर कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की बर्बर घटना से समूचे देश में दुख और आक्रोश का माहौल है, सभी ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर कार्रवाई किए जाने की मांग हो रही है, तो दूसरी ओर देहरादून के सार्वजनिक बस अड्डे पर एक नाबालिग से सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है। ऐसा लगता है कि आपराधिक मानसिकता के लोगों के भीतर कानून का कोई ऐसा खौफ नहीं है जो उन्हें मनमानी करने से रोक सके।गौरतलब है कि पिछले सप्ताह देहरादून अंतरराज्यीय बस अड्डे पर बाल कल्याण समिति की एक टीम को एक किशोरी बदहवास हालत में मिली थी। इसके बाद घटना का खुलासा हुआ कि बलात्कार की इस घटना को जिन पांच आरोपियों ने अंजाम दिया था, उनमें बस का चालक और परिचालक भी है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इससे एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। आखिर जिस जगह पर नियमित रूप से बसों और यात्रियों की आवाजाही लगी रहती है, वहां सुरक्षा व्यवस्था की क्या स्थिति थी कि आरोपियों ने आसानी से अपराध को अंजाम दिया? एक सार्वजनिक स्थान पर अपराध को अंजाम देने वाले बस कर्मचारियों के भीतर पुलिस और कानून का डर क्यों नहीं था! फिलहाल देश भर में कोलकाता की घटना पर व्यापक आक्रोश फैला हुआ है, इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग होना शायद राज्य सरकारों और पुलिस तंत्र की प्राथमिकता में नहीं रही है। देहरादून में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार न केवल कोलकाता में हुई घटना के खिलाफ उभरे आंदोलन का असर नहीं होने को दर्शाता है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि सरकारी तंत्र किसी त्रासद घटना के बावजूद किस कदर नींद में डूबा रहता है।इसकी आंख तभी खुलती है, जब कोई घटना तूल पकड़ लेती है। आखिर ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते, जो आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कानून का डर भर सके और वे किसी वारदात को अंजाम न दे सकें। यह समझना मुश्किल है कि महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ते अपराधों पर काबू पाने के लिए कानूनों में सख्ती लाने की कवायदों और आए दिन सरकारों की ओर से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कदम उठाने की घोषणाओं के बावजूद अपराध ी बेलगाम होते क्यों दिख रहे हैं। समाज के स्तर पर भी देखें तो बलात्कार की कुछ घटनाओं पर अक्सर देश भर में आक्रोश फैलता है, व्यापक पैमाने पर लोग आंदोलित होते हैं, महिलाओं की सुरक्षा की मांग की जाती है, लेकिन न तो ऐसा माहौल बन पा रहा है जिसमें महिलाएं खुद को सुरक्षित और सहज महसूस करें, न ही बलात्कार और हत्या की घटनाएं रोकी जा पा रही हैं। ज्यादा त्रासद यह है कि जिनको आदतन अपराधी नहीं माना जाता है, कई बार वे भी संगठित अपराधियोंकी तरह किसी वारदात को अंजाम देते हैं। देहरादून की घटना में बस के जिन कर्मचारियों की ड्यूटी थी कि वे मुसाफिरों को सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचाएं, जरूरतमंदों की मदद करें, उन्होंने ही सामूहिक रूप से एक जघन्य अपराध को अंजाम दिया। यह जहां समाज में भी विकृत और आपराधिक मानसिकता के पांव पसारने का सूचक है, वहीं कानून-व्यवस्था कायम रखने और महिलाओं को सुरक्षा देने में सरकार की विफलता का भी सबूत है।

# सेना के जवानों को राखी बांधकर दी शुभकामनाएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, सदस्य योगिता बनोला के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से रक्षाबंधन पर देश की रक्षा कर रहे भारतीय सेना के जवानों को हल्द्वानी आर्मी कैंट में संस्था महिला पदाधिकारियों ने राखी बांधकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य रिंकी गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय सेना के जवानों का राष्ट्र हित कार्य यह दर्शाता है कि राष्ट्र की कुशलता से बड़ा कोई परिवार और सुख चौन नहीं होता है क्योंकि भारतीय सेना के जवान अपने स्वयं के घरों और परिवारजनों से हजारों किलोमीटर दूर रहकर भारत देश की सुरक्षा के लिए आस्थापूर्ण निष्ठापूर्ण श्रद्धापूर्ण दृढ़ संकल्प शक्ति के साथ सदैव तैनात होकर भारत देश की उन्नति प्रगति के लिए हमेशा भारतहित कार्य कर रहे है इसलिए हम सभी भारतीयों का यह कर्तव्य है कि हमें अपने भारतीय सेना के जवानों के मनोबल बढ़ाने के लिए हर त्यौहार अपने प्यारे भारतीय सेना के जवानों के साथ मिलकर मनाना चाहिए जिससे उन्हें कभी घर परिवार की कमी महसूस न हो सके। इस दौरान जवानों को राखी बांधने में एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था सदस्य योगिता बनोला, रिंकी गुप्ता, प्रीती आर्या, मीना जोशी, पूनम गुप्ता,अंशिका साहू, जया जोशी, कल्पना भंडारी, पूजा जोशी, निकिता साहू, एकता जायसवाल, प्रीति गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, समाजसेवी हेमन्त कुमार साहू, सूरज मिस्त्री, रोहतास प्रजापति, सुशील राय, दीपक कुमार, मुकेश कुमार उपस्थित रहे।





# संसार में रहते हुए ही उससे रहना है अलग : शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 30वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि श्री कृष्ण कथा ऐसी है कि जगत को भी भुला देती है, जगत में रहना भी है और उसे भूलना भी है, संसार को छोड़कर जहां जाओगे, संसार साथ-साथ आएगा, संसार को छोड़ना तो नहीं है, किंतु उसे मन से निकाल बाहर करना है, संसार में रहते हुए ही उससे अलग रहना है। एवं आज के प्रसाद की सेवा श्री सुरेंद्र ग्रोवर एवं श्रीमती पूनम ग्रोवर जी के परिवार द्वारा दी गई।



# नदी में नहाने से रोकने पर वन दरोगा के साथ मारपीट

रामनगर (उद संवाददाता)।रविवार की शाम रामनगर वनप्रभाग के अंतर्गत पड़ने वाले देचोरी रेंज के क्यारी गांव के पास से बहने वाली खिचड़ी नदी में करीब आधा दर्जन युवक नहा रहे थे जिन्हें क्षेत्र के वन दरोगा विजेंद्र सिंह चौहान ने नदी में न नहाने और नदी से बाहर निकलने को कहाँ तो युवक बौखला गए और वन दरोगा विजेंद्र सिंह चौहान की लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी,वहीं पास में ही मौजूद अन्य वनकर्मी ने पिटाई का वीडियो बना लिया। जानकारी देते हुए पीड़ित वन दरोगा विजेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि उनको गांव के लोगों ने सूचना दी कि गांव के पास से गुजरने वाली खिचड़ी नदी में कुछ लोग गाली गलौज के साथ ही नदी में नहा रहे हैं, उन्होंने कहा कि वह सूचना पर मौके पर गये और उन्होंने उन युवाओं से नदी से हटने की अपील की। इस दौरान युवक बोखला गए और 5 से 6 युवाओं ने उनके साथ मारपीट कर गालीगलौज की। बमुश्किल उन्होंने अपनी जान बचाई। उन्होंने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। वहीं क्षेत्र के ग्राम प्रधान नवीन चंद्र सती ने कहा कि इस क्षेत्र में आए दिन लोग आकर इस तरीके की हरकतें कर रहे हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग कर माहौल खराब कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज भी वन दरोगा के साथ कुछ युवकों ने लात घूसों से उनकी पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेडिकल छात्रों में बढ़ रही है मानसिक दुर्बलता

यह कितनी विडंबनापूर्ण बात है कि जो विद्यार्थी मेडिकल शिक्षा हासिल कर रहे हैं, वही तनावग्रस्त होकर मानसिक दुर्बलता के शिकार हो रहे हैं। जबकि चिकित्सा शिक्षा के छात्रों को मानसिक रूप से पूर्ण परिपक्व होना चाहिए ? राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एक कार्यबल ने ऑनलाइन सर्वेक्षण करके बताया है कि मेडिकल के लगभग 28 प्रतिशत स्नातक और 15.3 प्रतिशत स्नातकोत्तर छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझने की बात स्वीकारी है। सर्वेक्षण में 25,590 स्नातक छात्र, 5,337 स्नातकोत्तर छात्र और 7,035 संकाय सदस्यों ने भागीदारी की। इस परिणाम के बाद सलाह दी गई है कि रेजिडेंट डॉक्टर प्रति सप्ताह 74 घंटे से अधिक काम न करें। सप्ताह में एक दिन की छुट्टी लें और प्रतिदिन सात से आठ घंटे नींद लें। मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर आई राष्ट्रीय कार्यबल की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12 महीनों में 16.2 फीसदी एमबीबीएस छात्रों ने मन में स्वयं को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या करने के विचार आने की बात मानी है। जबकि एमडी एवं एमएस छात्रों के मामलों में यह संख्या 31 प्रतिशत दर्ज की गई है। रपट के मुताबिक छात्रों में अकेलेपन या सामाजिक अलगाव की भावना तेजी से पनप रही है। 35 फीसदी छात्र इसका अकसर अनुभव करते है और 39.1 फीसदी छात्रों ने कभी-कभी इस विकृत भावना का अनुभव किया है। साफ है, सर्वे का यह पहलू चिंताजनक है। इस समस्या का समाधान होना चाहिए। चिकित्सक और चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों में जानलेवा तनाव का उभरना वाकई चिंता का विषय है। चिकित्सा शिक्षा एक तो लंबे समय तक चलने वाली सबसे कठिन और उबाऊ पढ़ाई है, दूसरे पेशे में आने के बाद सबसे ज्यादा गंभीर दायित्व का निर्वहन करना भी है। ऐसे में कोलकाता की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ घटित दुष्कर्म एवं हत्या के मामले छात्रों में अतिरिक्त भय और तनाव बढ़ाने का काम करते हैं। चिकित्सकों के साथ मरीजों और उनके परिजनों द्वारा दुर्व्यवहार और मारपीट सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी चिकित्सालयों तक आम बात हो गई है। कई मामलों में उपचार के दौरान रोगी की मौत को परिजन चिकित्सक की लापरवाही ठहराने लगे हैं। ऐसे मामलों में अस्पतालों में मारपीट और तोड़फोड़ के मामले तो बढ़ ही रहे हैं, जातिगत और संप्रदाय विशेष के लोग अस्पताल में समूह की ताकत दिखाकर पुलिस और प्रशासन को पंगु बना देने का काम भी कर रहे हैं। ऐसे मामलों में निर्दोश चिकित्सक के विरुद्ध दबाव में झूठी एफआईआर दर्ज कर दी जाती है। राजनीति भी अकसर जाति और संप्रदाय के समूह के साथ खड़ी दिखाई देती है। ऐसे में कानून की संहिताएं बोनी दिखाई देती हैं। जब दबाव में ही काम करना है तो कठोर कानून का भी कोई अर्थ नहीं रह जाता है। 18.2 प्रतिशत चिकित्सा छात्रों को शंकाएं और परामर्श दाताओं से भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता है। क्योंकि वे खुद डर की दहशत में आ चुके होते हैं। ऐसे माहौल में तनाव से निपटने के लिए ज्ञान और कौशल की कमी की पूर्ति के लिए प्रशिक्षण मात्र झुनझुना है। सर्वेक्षण में 56.6 प्रतिशत छात्रों ने अपने शैक्षणिक भार को संभालने योग्य परंतु अत्याधिक बताया। 20.7 फीसदी छात्रों ने शैक्षणिक भार बहुत ज्यादा बताया। केवल 1.5 फीसदी छात्रों ने इसे हल्का बताया। सर्वेक्षण में पाया गया कि 'असफलता का डर' स्नातकोत्तर छात्रों में एक अहम् मुद्दा है। जिसमें 51.6 फीसदी सहमत हैं, कि यह उनके प्रदर्शन पर नकारात्मक असर डालता है। असफलता का यह डर देश के कोचिंग संस्थानों में एमबीबीएस में प्रवेश लेने की प्रतिस्पधा में लगे छात्रों को सता रहा है। इसलिए लगातार देखने में आ रहा है कि कोचिंग संस्थाओं के बड़े केंद्र कोटा में छात्र निरंतर आत्महत्या कर रहे हैं। देश के 322 सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों से प्रत्येक वर्ष 48,012 छात्रों को नीट के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। इसके अलावा इन्हीं कॉलेजों से 27,868 दंत चिकित्सक, 52,720 आयुष और 603 पशु चिकित्सक छात्रों को प्रवेश की सुविधा मिलती है। यदि निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले छात्रों को भी जोड़ लिया जाए तो देश के करीब 707 मेडिकल कॉलेजों में 1,09048 छात्र प्रवेश लेते हैं। इनके अलावा दूसरे देशों से भी छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई करके भारत में आकर चिकित्सा का पेशा अपना लेते हैं। वैश्विक स्तर पर भारतीय चिकित्सकों की उम्दा साख है। दुनिया की सबसे बड़ी चिकित्सा शिक्षा प्रणाली भी भारत में है। इसलिए अब उम्मीद की जा सकती है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का जो 1000 की आबादी पर एक डॉक्टर की मौजदूगी अनिवार्य है, वह लक्ष्य आने वाले कुछ समय में पूरा हो जाएगा। फिलहाल हमारे यहां यह अनुपात 0.62. 1000 है।अब तक सरकारी चिकित्सा संस्थानों की शैक्षिक गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन ध्यान रहे कि लगभग 60 प्रतिशत मेडिकल कॉलेज निजी क्षेत्र में हैं। ये संस्थान छात्रों से भारी-भरकम शुल्क तो वसूलते ही हैं, कैपीटेशन फीस लेकर प्रबंधन के कोटे में छात्रों की सीधी भर्ती भी करते हैं। यह दर 1 करोड़ से लेकर 20 करोड़ तक बताई जाती है। इस सुविधा में आरक्षण और योग्यता के दावे ढकोसला हैं। विश्वबैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक 33 प्रतिशत भारतीय चिकित्सक डिग्री हासिल करने के बाद विदेश चले जाते हैं। इनमें से डेढ़ हजार डॉक्टर अमेरिका का रुख करते हैं। एलोपैथी चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि आज के विद्यार्थी उन पाठ्यक्रमों में अध्ययन करना नहीं चाहते, जिसमें विशेषज्ञता प्राप्त करने में लंबा समय लगता है। इसके उलट वे ऐसे पाठ्यक्रमों में दक्षता हासिल करना चाहते हैं, जहां जल्दी ही विशेषज्ञ की उपाधि प्राप्त कर धन कमाने के अवसर मिल जाते हैं। गुर्दा, नाक, कान, दांत, गला रोग एवं विभिन्न तकनीकी जांच विशेषज्ञ 35 साल की उम्र पर पहुंचने के बाद शल्य क्रिया शुरू कर देते हैं, जबकि हृदय और तंत्रिका-तंत्र विशेषज्ञों को यह अवसर 40-45 साल की उम्र बीत जाने के बाद मिलता है। साफ है, दिल और दिमाग का मामला बेहद नाजुक है, इसलिए इनमें लंबा अनुभव भी जरूरी है।बाबजूद एमबीबीबीएस शिक्षा के साथ कई तरह के खिलवाड़ हो रहे हैं। कायदे से उन्हीं छात्रों के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलना चाहिए, जो सीटों की संख्या के अनुसार नीट परीक्षा से चयनित होते हैं। लेकिन आलम है कि जो छात्र दो लाख से भी ऊपर की रैंक में है, उसे भी धन के बूते प्रवेश मिल जाता है। यह स्थिति इसलिए बनी हुई है, दरअसल जो मेध ावी छात्र निजी कॉलेज की शुल्क अदा करने में सक्षम नहीं हैं, वह मजबूरी वष अपनी सीट भी छोड़ देते हैं। बाद में इसी सीट को निचली श्रेणी में स्थान प्राप्त छात्र खरीदकर प्रवेश पा जाते हैं। इस सीट की कीमत करोड़ों में है। गोया जो छात्र एमबीबीएस में प्रवेश की पात्रता नहीं रखते हैं, वे अपने अभिभावकों की अनैतिक कमाई के बूते इस पवित्र और जिम्मेदार पेशे के पात्र बन जाते हैं। ऐसे में इनकी अपने दायित्व के प्रति कोई नैतिक प्रतिबद्धता नहीं होती है। पैसा कमाना ही इनका एकमात्र लक्ष्य रह जाता है। अपने बच्चों को हर हाल में मेडिकल और आईआईटी कॉलेजों में प्रवेश की यह महत्वाकांक्षा रखने वाले पालक यही तरीका अपनाते हैं। देश के सरकारी कॉलेजों की एक साल की शुल्क महज छह लाख है, जबकि निजी महाविद्यालयों में यही शुल्क 90 लाख है। यही धांधली एनआरआई और अल्पसंख्यक कोटे के छात्रों के साथ बरती जा रही है। एमडी में प्रवेश के लिए निजी संस्थानों में जो प्रबंधन के अधिकार क्षेत्र और अनुदान आधारित सीटें हैं, उनमें प्रवेश शुल्क की राशि कई करोड़ है। इसके बावजूद सामान्य प्रतिभाशाली छात्र के लिए एमएमबीबीएस परीक्षा कठिन बनी हुई है। ऐसे में विकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्र अवसाद का शिकार तो होंगे ही ?

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार



# श्री हरि कृपा आश्रम में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

रामनगर (उद संवाददाता)।श्री हरि कृपा आश्रम में रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। आयोजित तीन दिवसीय



विराट धर्म सम्मेलन में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने कहा कि सदा सर्वदा धर्म का पालन करना चाहिए। धर्म व परमात्मा का साथ किसी भी स्थिति में न छोड़ें। धर्म हमें कर्म या कर्तव्य का त्याग करना नहीं सिखाता उसकी आसक्ति का तो त्याग करने का संदेश अवश्य देता है।जिससे कि व्यक्ति कर्म के बंधन से मुक्त हो जाए। लौकिक कर्तव्यों को पूर्ण करते हुए पारलौकिकता के मार्ग पर आगे बढ़ सके। इसमें धर्म लौकिकता व पारलौकिकता के बीच एक अनूठे सेतु का कार्य करता है। कर्म, भक्ति व ज्ञान का सुन्दर समन्वय स्थापित करके धर्मशील प्राणी अपने जीवन को दिव्य ,आदर्श व मर्यादित बना सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति कर्म, भक्ति व ज्ञान के समन्वय का संदेश देती है। कर्म ही पूजा है कहने की अपेक्षा कर्म भी पूजा बन सकता है। जिस कार्य के साथ विचार, विवेक या ज्ञान ना हो ऐसा हर कार्य पूजा कहलाने का अधिकारी नहीं हो सकता। बिना विचारे किया हुआ कर्म तो पश्चाताप ग्लानि व शर्मिंदगी के अलावा कुछ भी प्रदान नहीं कर सकेगा। कर्म के साथ यदि ज्ञान व भक्ति का सुन्दर समन्वय स्थापित कर दिया जाए तो जहाँ एक ओर हमारा हर कर्म पूजा कहलाने का अधिकारी हो सकेगा वही हमारे जीवन का सौंदर्य निखर उठेगा । व जिस सच्चे सुख आनंद से लाख प्रयास करने के बावजूद वंचित थे उसे प्राप्त करने के अधिकारी बन जाएंगे। हमारा जीवन उच्चता, दिव्यता व महानता से भर उठेगा। अत: श्रम व श्रद्धा का अनूठा संगम स्थापित करें। उन्होने कहा कि जीवन में विनम्रता, सरलता ,सादगी व संयम को अपनाना चाहिए। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया।सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व " श्री गुरु महाराज", "कामां के कन्हैया "व लाठी वाले भैया की जय जयकार से गूंज उठा।रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट में विभिन्न स्थानों के हजारों भक्त व श्रद्धालु श्री महाराज के दर्शन, वचनामृत पान व रक्षा सूत्र बांध कर अपनी ही सुरक्षा का विश्वास व वचन पाने के लिए पहुँचे। इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 26 अगस्त को श्री महाराज गढीनेगी में ही मनायेंगे ।

# एसएसपी को सुशीला तिवारी हॉस्पिटल की महिला कर्मचारियों ने बांधी राखी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रक्षाबंधन के पर्व को मनाने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर बहनों से राखियां बंधवाकर उन्हें उपहार भेंट कर बहनों को सुरक्षा का भरोसा दिया। रक्षाबंधन के पावन पर्व को मनाने एसएसपी श्री मीणा एसपी सिटी प्रकाश चंद्र तथा सीओ नितिन लोहनी पुलिस बल सहित डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे। वहां सभी पुलिस कर्मियों ने अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर तथा नर्सों को रक्षाबंधन की बधाई दी। साथ



ही वहां मौजूद डॉक्टर बहनों ने पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। पुलिस द्वारा बहनों को उपहार भेंट कर सुरक्षा का भरोसा दिया और महिला सुरक्षा के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करने के लिए आस्वस्त किया। इसके अतिरिक्त शहर में जगहख्रजगह पर तैनात महिला पुलिस कर्मियो के साथ भी रक्षाबंधन का त्योहार मानकर उनसे रखी बंधवाकर उपहार भेंट किए। एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस महिला सुरक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों की सुरक्षा को बाधित करने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# आचार्य प्रशांत द्वारा लिखित पुस्तकों का डिग्री कॉलेज में लगा स्टाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन की टीम ने कबीर भजनों को गाते हुए एमबीपीजी डिग्री कालेज के सामने बुक स्टॉल लगाया। स्त्री, क्लाइमेट चेंज, मांसाहार, पशु क्रूरता,भगवतगीता ,संघर्ष अपने विरुद्ध समेत कई पुस्तको की लोगो मे जमकर खरीददारी की। फाउंडेशन की टीम ने लोगों को आचार्य प्रशांत द्वारा सरल व सटीक भाषा मे भगवतगीता, उपनिषद वेदांत के बारे में लोगों को अवगत करवाया। साथ ही युवाओं से अपील की कि अगर जीवन को सरल व व्यवस्थित तरीके से जीना है तो अध्यात्म के पास आना ही होगा क्योंकि भगवतगीता ही एक ऐसा ग्रन्थ है जो जीवन की सभी



समस्याओं का निदान करती है। संस्था के टीम लीडर मोहन सिंह फौजी के नेतृत्व में टीम आचार्य प्रशांत द्वारा लिखित पुस्तकों सम्बंध, कर्मफल, भगवतगीता, कर्मयोग, कर्मा , मन, संघर्ष अपने विरुद्ध, डर के बारे में जानकारी दी। टीम के सदस्यों मदन मोहन, जोशी, सम्रद्धि जोशी, मुकुल, हेम चंद जोशी, गोबिंद सिंह, प्रकाश दत्ता, कार्तिकेय, प्रदीप फुटेला , चेतन पांडेय ने युवाओं को संस्था की गतिविधियों के संदर्भ में जानकारी सांझा की तथा बताया कि आज के समय में जब हर व्यक्ति तनाव में जी रहा है। मांसाहार के कारण पृथ्वी पर प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, जलवायु परिवर्तन देखने को मिल रहा है, ऐसे समय में अध्यात्म ही इन सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है। आचार्य प्रशांत इस कार्य को आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपनी एक मुहिम चला रहे हैं अब तक करोड़ो लोग उनकी संस्था से जुड़कर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। संस्था द्वारा आयोजित गीता की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 30 हजार लोग एक साथ जुड़े।

# गुरुनानक एकेडमी के तीन छात्रों का मुख्यमंत्री उदयीमान योजना में चयन

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृति योजना के तहत रौनक अकादमी के तीन छात्र का चयन हुआ है। छात्रों के चयन पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई है, मुख्यमंत्री उदयमान खिलाड़ी योजना के अंर्तगत चयनित छात्र/छात्राए में श्री गुरु नानक अकैडमी स्कूल से तीन विद्यार्थियों सार्थक चंद पूत्र मनोज चंद निवासी कल्याणपुर नानकमत्ता,विद्या



राणा पुत्री सचिन राणा देवा कुलारा खटीमा ,अशनीत कौर पुत्री हरजीत सिंह निवासी प्रतापपुर खटीमा का चयन हुआ, छात्रों के चयन पर मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेंद्र कौर ने खुशी जताते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत और और अध्यापकों की लगन से मुख्यमंत्री उदयीमान छात्रवृत्ति योजना में स्कूल के तीन बच्चों को सफलता मिली है, जिसको लेकर विद्यालय परिवार में भी हर्ष की लहर है, उन्होंने कहा कि विद्यालय लगातार उन्नति और प्रगति के शिखर पर आगे बढ़ता रहेगा,डायरेक्टर वायला रैना,प्रिंसिपल डॉ मीनाक्षी प्रभाकर,सुखवन्त सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गांजे के साथ किया तस्कर गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 10 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि रविवार को कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने ग्राम चोरपानी के समीप रेलवे



मैदान के पास से राममोहन निवासी शिवलालपुर रामनगर को 10 किलो 160 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# दो स्मैक तस्करों को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस का नशे के सौदागरों पर कड़ा प्रहारएसओजी व कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस की संयुक्त टीम की सतर्क चेकिंग से गिरफ्त में आये 2 स्मैक तस्करसाढ़े चार लाख से अधिक कीमत की 16.32 ग्राम स्मैक बरामद की है। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा जगदीश चन्द्र देउपा के नेतृत्व में कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस व एसओजी प्रभारी कुन्दन सिंह रौतेला के नेतृत्व में एसओजी टीम द्वारा संयुक्त चौकिंग के दौरान लोधिया बैरियर से क्वारब की तरफ 10 मीआगे हल्द्वानी रोड पर 2 युवकों 1महिपाल सिंह के कब्जे से 8 ग्राम व 2रोहित कुमार के कब्जे से 8.32 ग्राम स्मैक) कुल 16.32 ग्राम स्मैक बरामद होने पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए कोतवाली अल्मोड़ा में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई गिरफ्तार अभियुक्तों में 1महिपाल सिंह उम्र26 वर्ष पुत्र बलवन्त सिंह निवासी ग्राम नैनोली,गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ रोहित कुमार उम्र25 वर्ष पुत्र भूपाल राम निवासी ग्राम पिल्खी, गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ बरामदगी 16.32 ग्राम स्मैक बरामद की कीमत4,89,000रुए है। कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुनील सिंह बिष्ट कोतवाली अल्मोड़ा कानि सुन्दर लाल-कोतवाली अल्मोड़ा कानि दीवान सिंह बोराएसओजी अल्मोड़ा कानि राजेश भट्ट एसओजी अल्मोड़ा शामिल रहे।

# कलकत्ता में हुई घटना के विरोध में चिकित्सकों ने किया कार्य बहिष्कार

गरुड़ । कलकत्ता में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ के डॉक्टरों ने विरोध जताया है। विरोध जताने में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य स्टाफ ने कार्य बहिष्कार किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि यह महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को फांसी की सजा दी जाए और राज्य में अस्पतालों में सुरक्षा की व्यवस्था की जाय। विरोध प्रदर्शन में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बैजनाथ डॉ नरेन्द्र कीर्ति, डॉ अमित बंसल, डॉ आनन्द बसवाल, डॉ चेतन, प्रकाश मनकोटी, अभिषेक पाठक, चंद्रशेखर जोशी, दीपक उप्रेती, कमला आर्या, मंजू अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपने पुत्र का नाम संवर से बदलकर संवर नूतन दरडा रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को संवर नूतन दरडा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

संवर नूतन दरडा पुत्र श्री नूतनकुमार अनिलकुमार दरडा, निवासी- पी-16, इंपीरियल ग्रींस, किच्छा रोड, बिगवाड़ा, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## पेज एक का शेष...

**कोलकत्ता कांड पर ..**पूछे। कोर्ट ने कहा कि ये एक अपराध का मामला नहीं है। इस मामले में एफआईआर दर्ज करने में भी देर हुई। यह अस्पताल की जिम्मेदारी थी कि वह एफआईआर दर्ज कराए। लेकिन देर रात एफआईआर दर्ज कराई गई। अस्पताल प्रबंधन इस मामले में आखिर कर क्या रहा था? अभिभावकों को भी पीड़िता का शव काफी देर बाद सौंपा गया। कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संदीप घोष को लेकर भी कई सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद डरावनी घटना है। प्रिंसिपल ने इस मामले को पहले सुसाइड बताने की कोशिश की। आखिर प्रिंसिपल कर क्या रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आखिर इस मामले के बाद प्रिंसिपल की नियुक्ति दूसरी जगह कैसे कर दी गई? बता दें आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में नौ अगस्त की दरमियानी रात को प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। अगले दिन सुबह उसका शव मिला था, जिसके बाद से डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बंगाल पुलिस से जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दी है। शीर्ष अदालत ने मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले से ही शामिल होने के तथ्य को महत्वपूर्ण रखते हुए स्वत: संज्ञान लिया है। देश भर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों, खासकर डॉक्टरों और उनकी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए शीर्ष अदालत न्यायिक जांच का दायरा बढ़ा सकती है। मामले में डॉक्टरों की हड़ताल को रविवार को एक सप्ताह हो चुका है, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सीबीआई दोषियों को पकड़े और अदालत उन्हें अधिकतम सजा दे। इसके अलावा, वह सरकार से यह आश्वासन चाहते हैं कि भविष्य में दोबारा कोई ऐसी घटना न घटे।

**निकाय चुनाव की कवायद...** किच्छा में 46.05, सितारगंज में 49.11, खटीमा में 34.69, महुआखेड़गंज में 62.41 और नगला में 26.16 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की सिफारिश की गई है।चमोली के गौचर, कर्णप्रयाग, टिहरी के देवप्रयाग, पौड़ी के पौड़ी व दुगड्डा, पिथौरागढ़ के पिथौरागढ़, डीडीहाट, गंगोलीहाट, बेरीनाग, चंपावत जिले के चंपावत, लोहाघाट, अल्मोड़ा जिले के अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर जिले के बागेश्वर, नैनीताल जिले के नैनीताल, भवाली पालिकाओं में ओबीसी का आरक्षण 10 प्रतिशत से काफी कम है। यहां अब एकल आयोग की सिफारिश के हिसाब से आरक्षण लागू होगा, बशर्ते एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण कुल मिलाकर 50 प्रतिशत तक ही रहे।

**गैरसैण कूच के लिए...**कांग्रेसियों को पुलिस ने रविवार बाजार के पास रोक लिया । इस दौरान मौके पर पहुंचे एसपी सिटी निहारिका परिहार एवं एसडीएम गौरव पांडे ने कांग्रेसियों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया परंतु वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और धरना प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया ।मौके पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि सरकार द्वारा उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उनका मकसद केवल विधानसभा सत्र के बाहर धरना देकर न्याय की मांग करना था । उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करके पुलिस प्रशासन ने उन्हें गैरसैंगण जाने से रोक लिया । इस दौरान शादाब ने कहा कि हम लोग शांति पूर्वक गैसरैंण के लिए निकल रहे थे तभी अचानक पुलिस और प्रशासन ने हमें रोका और जाने से मना किया। काफी मशक्कत के बाद सभी लोग निकले। इस दौरान थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान मय पुलिस फोर्स के मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन करने वालों में युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर,अनिल सिंह, शादाब, सिद्धार्थ भुसरी ,शाकिर अली, जुनैद अंसारी,फैजान खान और प्रशांत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

**सड़क के लिए..**और कई राइस मिले, दो पाश कालोनी और भी कई छोटे छोटे ओद्योगिक इकाईया है। जिसमैं कई लोग कार्य करते है तथा इसी मार्ग से रुद्रपुर दानपुर व बगवाला के स्कूलो बच्चे स्कूल जाते है। कई बार इस मार्ग पर धान, गेहूं की ट्रालीया पलट चुकी है जिससे किसानो का कई बार नुकसान हो चुका है। इसलिए इस मार्ग की स्थिति को देखकर जल्द निर्माण कराया जाना आवश्यक है। प्रदर्शन और घेराव करने वालों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, तजेंदर सिंह विर्क, संदीप चीमा, सुखविंदर सिंह, मनमोहन सिंह, सुरजीत सिंह, सुदामा सिंह, जगदीश ठाकुर, प्रीतम सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरजीत कौर, सुन्दरा कौर, जसपाल कौर, वीनू, लक्ष्मी कौर, हरबजन सिंह, अंकित छाबडा आदि शामिल थे।

**सिरौली कलां को ...**सिरौली कला, बंडिया, देवरिया व आजादनगर को शामिल किया गया था। वर्ष 2018 में ही नगर पालिका के चुनाव हुए, जिसमें सिरौलीकलां क्षेत्र में तीन वार्ड 18. 19 व 20 व कुछ क्षेत्र वार्ड नं० 17 में शामिल किया गया। सिरौलीकलां नगर पालिका किच्छा में विगत 6 वर्षो से शामिल है तथा नगर पालिका द्वारा इस क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ के विकास कार्य किये जा चुके है। जबकि वर्तमान में सिरौलीकलां को किच्छा नगर पालिका से पृथक किया गया है अथवा किया जा रहा है, जिसका सिरौलीकलां क्षेत्रवासी विरोध करते है । वह चाहते हैं कि सिरौलीकला को नगर पालिका में ही रखा जाये। सरकार के इस फैसले से नगर पालिका से मिलने वाली सभी मूलभूत समस्याओं यथा कुड़ा निदान, स्ट्रीट लाईट, नाली, सड़क, सफाई आदि से सिरौलीकला क्षेत्रवासी वंचित हो जायेंगे। सिरौलीकलां किच्छा से बिल्कुल लगा हुआ है। जबकि नगर पालिका में शामिल किये गये देवरिया, आजादनगर मलपुरा क्षेत्र लगभग पाँच कि०मी० की दूरी पर स्थित है, जिनको नगर पालिका किच्छा के अन्तर्गत ही रखा जा रहा है। आपत्ति दर्ज करने वालों में मुख्य रूप से नईमुलशान खां, तस्लीम राजा, मोहम्मद ताहिर, फरियाद शाह, शहीद अब्दुल, रहमान, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद आरिफ, रियाज अहमद, मुकर्रम मोहम्मद, यासीन हसनैन, अबरार अहमद, मोहम्मद उमर, अमीर अहमद, फैजान, सज्जाद हुसैन, अकरम, इरशाद अहमद, मोहम्मद आकिब, अफजाल अहमद, अफसर अहमद, मोहम्मद ओवैस, शाहिद सहित दर्जन लोग मौजूद थे।

**वायरल हो रहा ...**शर्मा से पूछा तो वह इस सम्बंध में कोई संतोषजनक जवाब न दे पाये। इससे पूर्व भी कांग्रेस के एक निवर्तमान पार्षद पुतला फुंकने के दौरान कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगा चुके है। कैमरे के सामने कांग्रेस नेताओं की फिसलती जुबां क्षेत्र में ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गायों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य : स्वामी नारायण चैतन्य

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्याम टॉकीज रोड स्थित मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम में भागवत कथा के सातवें दिन स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने गौ रक्षा और दान पुण्य के संदर्भ में कथा का वर्णन किया ।उन्होंने कहा कि कभी भी सक्षम व्यक्ति के दान देने से धन घटता नहीं बल्कि उसे पर ईश्वर की अपार कृपा बरसती है और वह दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करता है । उन्होंने कहा कि दान दिए धन ना घटे कह गए दास कबीर, इसी का अनुपालन करते हुए हर सक्षम व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार दान पुण्य अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता की संज्ञा दी गई है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति गौ रक्षा का संकल्प ले ,क्योंकि गाय का सिर्फ दूध ही काम नहीं आता बल्कि गोमूत्र





और गोबर भी औषधि का कार्य करते हैं । उन्होंने कहा कि गायों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। स्वामीनारायण चैतन्य जी महाराज ने कहा की धर्म विहीन व्यक्ति पशु तुल्य हो जाता है और जो प्रारब्ध में लिखा है वही भविष्य में तय होता है। उन्होंने कहा की कई जन्मों के बाद मनुष्य की योनि प्रदान होती है ऐसे में हर व्यक्ति को धर्म पर आस्था रखते हुए समाज में सदगुण फैलाना चाहिए और प्रेम भाव से आगे बढ़ना चाहिए। भागवत कथा के सातवें दिन समाजसेवी भारत भूषण चुघ और उनकी पत्नी पूजा चुघ जजमान रहे ।जिन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की भागवत कथा के उपरांत हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें चुघ परिवार ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। इस दौरान निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ,विपिन जलोतरा, सुरेश ढींगरा ,अमित गंभीर, धीरेंद्र मिश्रा, पवन अग्रवाल, संजीव अरोड़ा ,शकुंतला देवी, सुभाष खंडेलवाल, विजय फुटेला, संजीव अरोड़ा ,सुरेश मदान ,अशोक अरोरा,ओम प्रकाश सक्सेना,शकुंतला अनेजा, राज अरोरा ,शशि अरोरा नवनीत शर्मा अमित सक्सेना सुमित सक्सेना रविन्द्र शर्मा नंदलाल शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जनमाष्टमी पर्व पर महिला मंडल द्वारा श्री शिव मंदिर ट्रस्ट मॉडल कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ से पूर्व सुसज्जित सैकड़ों महिलाओं द्वारा विगत सायकांल मॉडल कालोनी में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो श्री गोपीनाथ मंदिर से प्रारम्भ होकर क्षेत्र के अनेक मार्गों से होकर गुजरते हुए कथा आयोजन स्थल श्री शिव मंदिर में सम्पन्न हुई। मंदिर में गत सायं से कथा व्यास श्री मनोज जी महाराज द्वारा आगामी 25 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर3.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वर्णन सुनाया जा रहा है। भागवत कथा के मुख्य यजमान राजेन्द्र गोयल व श्रीमती बीना गोयल हैं। बैंड बाजों के साथ निकली कलश यात्रा में शामिल महिलायें भजन कीर्तन करने के साथ ही भक्ति में डूबकर नृत्य करती चल रही थीं। कलश यात्रा का अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। कथा आयोजन



स्थल पर कलश यात्रा के पहुंचने पर पुष्पवर्षा की गई और विधिविधान से सभी कलश मंदिर में स्थापित किये गये। कलश यात्रा में मुख्य रूप से सुषमा अग्रवाल, कांता ग्रोवर, सुषमा मिडढ़ा, कमलेश कालरा, कमलेश खेड़ा, लता गांधी, शोभा भनोट, वंदना गंभीर, मिन्नी ठुकराल, कांता रहेजा, सुमित्रा नेगी, कंचन घीक, निशा अग्रवाल, रेनू बंसल, संगीता जैन, गुंजन अग्रवाल, ममता मित्तल, बबीता मित्तल, रचना झुनझुनवाला, नीतू रूंगटा, ममता गोयल, मधु उप्रेती,नीलम छावड़ा, वीना गोयल, राधिका गोयल, किरन जोशी, गरिमा शर्मा, सुशीला बढ़ोई, गीतू गोयल, शिवानी गोयल, प्रियांशी श्यामपुरिया, कमला बिष्ट, शकुंतला सिंह, विष्णु बंसल, तारा चन्द अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, विजय अग्रवाल, जय भगवान जैन, बंटू बांगा, राजेन्द्र गोयल, बलदेव डाबर, सुशील घीक सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। सुषमा अग्रवाल ने बताया कि आगामी 26 अगस्त दिन सोमवार को रात्रि 12 बजे मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें श्री मनोज जी महाराज द्वारा श्री कृष्ण कथा एवं श्री कृष्ण लीलाओं का रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक वर्णन किया जायेगा। 12 बजे भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म के पश्चात आरती होगी तथा प्रसाद वितरित किया जायेगा। इस अवसर पर कई आकर्षक झांकियां भी प्रदर्शित की जायेंगी।

# समस्याओं को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सतीश गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला को खटीमा की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। विगत दिवस मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा आगमन पर भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने खेतलसंडा में बंद पुलिया जिसके कारण बरसात में पूरा वॉर्ड नम्बर 12 जलमग्न हो जाता है के निर्माण की मांग की गई



थी जिसको तत्काल प्रभाव से सीएम धामी ने जिलाधिकारी उदय राज सिंह को पुलिया निर्माण के लिए धन अवमुक्त कर निर्माण कार्य शुरू करने को कहा था। भाजपाईयों ने जल्द से जल्द उक्त पुलिया निर्माण, शमशान घाट मे मिट्टी भरान, शहर मे मलेरिया डेंगू की रोकथाम हेतु दवाई छिड़काव, करने की मांग एवम पानी की पाइप लाइनों के कारण टूटी सड़कों का निमार्ण करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से नगर महामंत्री मनोज वाधवा, पूर्व सभासद विश्वनाथ यादव, बॉबी राणा क्रांति जोशी, विनीत राणा, नीरज रस्तोगी उपस्थित थे।

# आवास विकास में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास वार्ड नंबर 6 में बीते दिनों हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। बता दें आवास विकास वार्ड नंबर 6 निवासी वेद प्रकाश अरोड़ा ने थाने में तहरीर दी थी जिसमें 8 अगस्त को वह अपने परिवार सहित किसी कार्य से बाहर गए थे उनकी गैर मौजूदगी में अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में रखे लाखों रुपए की नगदी और जेवरात चोरी कर चोर फरार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी थी। सोमवार को थाना गदरपुर में अपर पुलिस अधीक्षक अभय कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि उक्त चोरी की घटना में एसओजी और पुलिस की टीम गठित की गई थी टीम द्वारा थाना अध्यक्ष गदरपुर जसवीर चौहान के नेतृत्व में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और कुछ दिन बाद ही सकेनिया रोड अब्दुल्ला नगर के पास दो अभियुक्त बोबी पुत्र भौराज सिंह निवासी शाबाद रोड सरिया मिल मोहल्ला बाजार थाना बिलारी जिला मुरादाबाद व दूसरा



आरोपी विजय सिंह पुत्र रामकुंवर निवासी ग्राम धनपुरा खेड़ा थाना बिलारी जिला मुरादाबाद को एक एचएफ डीलक्स बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उक्त दोनों ने आवास विकास वाली चोरी की बात कबूल की है पुलिस ने उनके पास से 492000 की नगदी बरामद की है । दोनों की निशानदेही में चोरी किए गए आभूषण भी बरामद किए गए हैं इस दौरान टीम में थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान, उप निरीक्षक बसंत प्रसाद, उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा, एसओजी प्रभारी प्रकाश चंद, हेकाविनय कुमार, मोहन बोरा, बलवंत सिंह, दर्शन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अग्रवाल सभा धूमधाम से मनाएगी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीअग्रवाल सभा, रुद्रपुर द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी वर्ष पर्व बडी धूमधाम से अग्रघ्वाल सभा भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा के मूल पाठ 19अगस्त से 25 अगस्त तक प्रतिदिन मन्दिर जी मे चल रहे हैं। उसी उपलक्ष्य में 25 अगस्त एल दिन रविवार को सायं 4 बजे से भगवान श्रीकृष्ण की बालरूपी झाकियों की भव्य शोभा यात्रा श्री अग्रवाल सभा से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से बोली होते हुए अग्रवाल सभा में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन अग्रघ्वाल युवा संगठन द्वारा कृष्ण बनो प्रतियोगिताश रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक अग्रवाल सभा में आयोजित की जा रही है। जिसमे 6 वर्ष तक आयु सीमा के बच्चे भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप मे प्रतिभाग करेंगे। सभी बच्चों को संगठन द्वारा आकर्षक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जायेगा। तत्पश्चात् भगवानों की आरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। उन्होंने नगर की समस्त धर्मप्रेमी जनता से बलराम, राजेन्द्र तुलसियान, मोहन लाल अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, शरद गर्ग, राजेन्द्र गुप्ता, अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष ओम अग्रवाल, महामन्त्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकुल मित्तल, साकेत अग्रवाल, शुभम गर्ग, आनन्द गर्ग, प्रवेश गोयल,



सभी कायोक्रमों में सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री अर्जुन गुप्ता, महामन्त्री अमित जैन लोहिया, कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता, सरपरस्त गजानन्द वंसल, तारा बन्द अग्रवाल, संरक्षक शिवम अग्रवाल, नितिन गोयल, अकित अग्रवाल, महेश गोयल, ललित अग्रवाल, अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमति सुषमा अग्रवाल, महामन्त्री श्रीमति प्रिया गर्ग, कोषध्यक्षा, श्रीमती ऊषा श्याम पुरिया एवं समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।

